प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 19.07.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1—राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने कुलपतियों से दो महीने के भीतर मांगा रोडमैप।

2—प्रदेश में एक जुलाई से शुरू हुए वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत अब तक करीब साढ़े पांच हजार नये जन—धन खाते खोले गए हैं।

3— कांकेर जिले में बीती रात एक कार पुल से जा टकराई—कार में आग लगने से चार युवक जिंदा जले।

4—जापान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भिलाई की नमी राय पारिख ने स्वर्ण पदक जीता।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**राज्यपाल—कुलपति बैठक**

राज्यपाल रमेन डेका ने शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए कुलपतियों से दो महीने के भीतर रोडमैप मांगा है। उन्होंने आज राजभवन में कुलपतियों के साथ विचार—विमर्श कर छात्रों के हित में जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर राज्यपाल ने कुलपतियों से कहा कि जिस पाठ्यक्रम में छात्र और शिक्षक नहीं है, उन्हें बंद किया जाएं। उन्होंने निजी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से कहा कि वे मैनेंजमेंट के साथ बैठक कर गुणवत्ता सुधार की कार्ययोजना बनाकर सितंबर में उपलब्ध कराएं। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मापदंडों और नियमों का कड़ाई से पालन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो विश्वविद्यालय नेक ग्रेडिंग के लिए पात्र हो चुके हैं, वे अनिवार्य रूप से ग्रेडिंग की प्रक्रिया में शामिल हों। श्री डेका ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में विद्यार्थियों को भी जागरूक किया जाए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि शासकीय और निजी विश्वविद्यालयों के लिए पोर्टल बनाया जाएगा, जिसमें प्रवेश से लेकर हर गतिविधियों को विश्वविद्यालय अपलोड करेंगे।

**वित्तीय समावेशन अभियान**

प्रदेश में एक जुलाई से शुरू हुए वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान के तहत अब तक करीब साढ़े पांच हजार नये जन—धन खाता खोले गए हैं। साथ ही सात हजार छह सौ इकयासी नागरिकों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और दस हजार सात सौ से अधिक नागरिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत पंजीकृत किया गया है। वहीं, बाईस सौ से अधिक लोगों को अटल पेंशन योजना में पंजीकृत किया गया है। इसके अलावा करीब उन्नीस सौ निष्क्रिय जन—धन खातों का केवाईसी कर फिर से सक्रिय किया गया है।

भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक और राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति के संयोजक राकेश कुमार सिन्हा ने आज एक पत्रकारवार्ता में बताया कि केन्द्रीय वित्तीय सेवा विभाग द्वारा शुरू किए गए इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य सभी पात्र लोगों को केंद्रीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

श्री सिन्हा ने बताया कि प्रदेश में अब तक एक हजार आठ सौ तैंतालीस शिविरों का आयोजन किया गया है। यह अभियान आगामी तीस सितंबर तक चलेगा।

## माओवादी शिनाख्त

नारायणपुर जिले में कल हुई मुठभेड़ में मारे गए छह माओवादियों में से एक की पहचान प्लाटून नंबर—एक का कमांडर राहुल पुनेम के रूप में की गई है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि इस माओवादी पर हत्या, आगजनी, मुठभेड़, आईईडी विस्फोट जैसे कई वारदातों में शामिल रहने का आरोप है।

## कांग्रेस—चक्काजाम

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के खिलाफ कथित शराब घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय—ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस बाईस जुलाई को राज्य के सभी संभागीय मुख्यालयों में चक्काजाम करेगी। आज रायपुर स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बताया कि कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों और विधायकों की हुई बैठक में पांचों संभागीय मुख्यालयों में आर्थिक नाकेबंदी करने का निर्णय लिया गया है।

## मिशन अस्पताल—याचिका खारिज

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने बिलासपुर स्थित मिशन अस्पताल प्रबंधन की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने जिला प्रशासन द्वारा की जा रही कार्रवाई को सही ठहराया है। न्यायालय ने अपने फैसले में प्रबंधन के रवैये को लेकर नाराजगी भी जताई है। गौरतलब है कि कमिश्नर कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए क्रिश्चियन वूमन बोर्ड ऑफ मिशन और नितिन लारेंस ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

## दुर्घटना

कांकेर जिले में बीती रात हुए एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि, दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम **"जिले की चिट्ठी"** का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''कोरिया''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**नमी राय पारिख–स्वर्ण पदक**

जापान में पांच से चौदह जुलाई तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में भिलाई की नमी राय पारिख ने स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने महिलाओं के संतावन किलोग्राम वर्ग में एक सौ पचयासी किलो डेडलिफ्ट कर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इकतीस सदस्यीय भारतीय दल में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर वर्ग के अट्ठारह महिला तथा तेरह पुरूष खिलाड़ी शामिल थे। भारतीय टीम को ओव्हरऑल चैंपियनशिप में छह स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक के साथ तीसरा स्थान हासिल हुआ है।

**अहिल्याबाई होल्कर–नाट्य मंचन**

कल रायपुर में लोकमाता महारानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर आधारित नाट्य मंचन समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई ने समाज में प्रशासन, न्याय और जनकल्याण की अनुकरणीय व्यवस्था और उदाहरण प्रस्तुत किए थे।

**गांजा–बरामद**

बिलासपुर की तोरवा पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों से दो सौ चौरासी किलो गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब चौंतीस लाख रूपये बताई गई है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर तोरवा पुलिस ने जगमल चौक के पास एक वाहन को रोककर जांच की। इस दौरान वाहन से दो सौ चौरासी गांजा, दो मोबाइल फोन और एक आईफोन बरामद किए गए। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**मौसम**

**पेश है मौसम का हाल–**

मौसम विभाग ने प्रदेश में तेईस जुलाई से बारिश की गतिविधि तेज होने की संभावना जताई हैं। मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका बिहार के मध्य भाग से ओडिशा होते हुए झारखंड तक विस्तारित है। इसके असर से प्रदेश में बदली–बारिश की स्थिति बनी हुई है। कल प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिर सकती है।

इस बीच, राजधानी रायपुर के खम्हारडीह इलाके में आज आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक यह युवक छत पर मोबाइल में गेम खेल रहा था। इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से मोबाइल फट गया और मौके पर ही युवक मौत हो गई।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

—स्वतंत्रता सेनानी मंगल पांडे की आज जयंती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगल पांडे को श्रद्धांजलि दी है।

—मंत्रिपरिषद उप समिति की कल विधानसभा परिसर में हुई बैठक में विभिन्न जिलों से प्राप्त विशुद्ध रूप से राजनीतिक आंदोलनों से संबंधित दर्ज प्रकरणों में से पंद्रह प्रकरणों की समीक्षा की गई।

—विश्व जनसंपर्क दिवस के अवसर पर कल भिलाई इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा ''कनेक्टकॉन दो हजार पच्चीस'' का आयोजन किया गया। इस दौरान जनसंपर्क की नई चुनौतियों और अवसरों पर चर्चा की गई।

—आर्थिक और सांख्यिकी विभाग की डिप्टी डायरेक्टर माया तिवारी से करीब नब्बे लाख रुपए की ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। महिला ने रायपुर जिले के राखी थाना में ऑनलाइन धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

—पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के विरोध में आज बेमेतरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया।

—जांजगीर—चांपा जिले के खरौद में डायरिया फैलने से पैंतीस लोग बीमार हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>